First Year Hindi

Gautami Shah/गौतमी शाह

Transcript of clip : "Introduction of Dr. Kaushal Panwar"
टीवी शो: Satyameva Jayate (2012)/सत्यमेव जयते(२०१२)
Season 1 Episode 10 "Untouchability:
आमिर खान प्रोडक्शंस और स्टार प्लस
Host: Aamir Khan; Guest: Dr. Kaushal Panwar

कथावाचक: एक प्राध्यापिका और एक कामयाब लेखिका, एक गृहिणी, एक माँ और एक समाज-सेविका, डॉ० कौशल पवार (नाम पंवार है, लेकिन कथावाचक "पवार" कहती हैं) की ज़िंदगी के कई नायाब पहलू हैं। उन्होंने संस्कृत में पी एच डी की है, वेद-ग्रंथों का गहरा अध्ययन कर, इस विषय पर कई किताबें भी लिखी हैं। आज वे दिल्ली यूनिवर्सिटी में संस्कृत पढ़ाती हैं [कौशल पंवार जी संस्कृत में बात कर रही है]। लेकिन डॉ. कौशल पवार (नाम पंवार है, लेकिन कथावाचक "पवार" कहती हैं) की जिंदगी सिर्फ़ एक सफ़ल औरत की कहानी नहीं, बल्कि अपने वजूद को पाने के लिए किए गए संघर्ष की दास्ताँ है।

आमीर खान: कौशल पवार (नाम पंवार है, लेकिन आमीर-जी भी "पवार" कहते हैं) जी बहुत बहुत शुक्रिया हमारे साथ जुड़ने का । आप जिस मुक़ाम पे पहुँच पाई* हैं, वहाँ तक बहुत कम, हम में से बहुत कम वहाँ तक पहुँच पाते*। आप संस्कृत में पी एच डी हैं, आप ने डॉक्टरेट पाई हैं, आप पढ़ाती हैं संस्कृत दिल्ली यूनिवर्सिटी में, मुझे बताइये कि यहां तक पहुँचने का जो आपका सफ़र था, उसके बारे में हमें कुछ बताइए।

डॉ. कौशल पंवार: सर, Actually मैं हरियाणा के ऐसे पिछड़े हुए गाँव से हूँ, जहाँ दलित समुदाय में, पढ़ने का अधिकार के साथ साथ, अवसर भी नहीं है। मेरे माँ और पिताजी, दोनों ही अनपढ़ हैं, अशिक्षित रहे हैं, लेकिन पिताजी ने इतनी सारी चीज़ें सामना* की हैं सोसाइटी में, उनको लगा कि अगर मैंने ऐसी ही अपनी ज़िंदगी अपने बच्चों को भी दी, तो शायद मेरा बच्चे का पैदा करने का ....या उनको मैं वो नहीं बना पाऊँगा**, जो मैं नहीं बन पाया**।

शब्दावली:

प्राध्यापिका (nf) = professor, lecturer, university teacher
कामयाब (adj) = successful; सफ़ल
सामज-सेविका (nf) = social worker
नायाब (adj) = unsurpassed
पहलू (nm) = facet, dimension, aspect, face
वेद (nm) = Veda, ancient Indian texts composed in Vdic Sanskrit.

ग्रंथ (nm) = पुस्तक, किताब, text, ग्रंथ is largely used in the context of religious and historical texts.
गहरा (adj) = deep, in depth, serious
अध्ययन (nm) = reading, study as in 'the study' of a topic or area
सफ़ल (adj) = कामयाब
बल्कि = लेकिन with the sense of 'rather', but rather, even more, moreover
वजूद (nm) = अस्तित्व, existence,
पाना (v) = to gain, to feel, to find, to earn, to receive, to get
संघर्ष (nf) = struggle
दास्तान/दास्ताँ (nf) = tale, story
जुड़ना (v) = to join
मुक़ाम (nm) = position, place as in 'position'
सफ़र (nm) = journey
पिछड़ा (adj + adv) = backward
पिछड़ना (v) = to lag behind
समुदाय (nm) = community, group
अधिकार (nm) = a right, entitlement, freedom of action, हक़
अवसर (nm) = occasion, opportunity, मौक़ा
अनपढ़ (adj) = illiterate, uneducated
अशिक्षित (adj) = uneducated

Some expressions & constructions:
- * Verb stem -> पाना conjugated = to manage to do the 'verb stem'
- **X का सामना करना = to face/encounter/endure X = 'इतनी सारी चीज़ें सामना' = इतनी सारी चीज़ों का सामना करना…